हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
11 अगस्त 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु-अनुकूल, उच्च पैदावार और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी कीं। नई किस्मों से किसानों के खर्च में कमी आएगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पलवल में महारानी पद्मावती कन्या महाविद्यालय और गुरुग्राम में जाट कल्याण सभा के भवन की आधारशिला रखी।
- मुख्यमंत्री कल पंचकूला में शूटिंग रेंज खेल परिसर और स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का शिलान्यास करेंगे।
- हरियाणा में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं निकाली गईं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च पैदावार, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की। ये किस्में 61 फसलों की हैं जिनमें 34 कृषि और 27 बागवानी फसलें हैं। खेती फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई किस्मों से कृषि में मूल्यवर्धन होगा। किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। उन्होंने नई किस्में विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना भी की। किसानों ने प्राकृतिक कृषि को बढावा देने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज पलवल में महाराणा प्रताप भवन के प्रांगण में महारानी पद्मावती कन्या महाविद्यालय का शिलान्यास किया। यह महाविद्यालय श्री सीताराम जी महाराज सेवा ट्रस्ट पलवल द्वारा महाराणा प्रताप भवन के नजदीक लगभग 5 एकड़ भूमि में बनाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महाविद्यालय में बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल करेगें। ग्रामीण क्षेत्र की जो लड़कियां शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर नहीं जा सकती, उन्हें नजदीक ही आधुनिक शिक्षा हासिल करने का मौका मिलेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित करना एक सराहनीय कार्य है, जिसमें सभी सामाजिक संस्थाओं को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर , खेल मंत्री संजय सिंह व अन्य

मान्यवर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कॉलेज के निर्माण के लिए 31 लाख रुपए, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और खेल मंत्री संजय सिंह ने 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा की ।

मुख्यमंत्री ने आज गुरुग्राम में जाट कल्याण सभा के भवन का शिलान्यास किया और जाट कल्याण मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह भवन समाज के सभी वर्गों के काम आएगा। उन्होंने भवन के निर्माण के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा भी की।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह कल पंचकुला के सेक्टर 32 में विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज खेल परिसर और स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की आधारशिला रखेंगे। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि शूटिंग रेंज खेल परिसर का निर्माण पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा। 13.75 एकड़ में बनने वाली इस परियोजना पर करीब 150 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

.........................................................................

.........................................................................

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि ने आज भिवानी जिला के गांव गुजरानी में नव निर्मित गली और वाल्मीकि धर्मशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने गांव के विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हलके के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सरकार राज्य में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को बिना खर्च पर्ची नौकरी दे रही है जिससे गरीब घरों के बच्चे भी नौकरी पा रहे हैं। श्री वाल्मीकि ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के उत्थान के प्रति कृतसंकल्प है।

.........................................................................

.........................................................................

हर घर तिरंगा अभियान के तहत हरियाणा में आज कई जगह तिरंगा यात्राएं निकाली गई। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव कांवरा कला में तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें गाँववासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यात्रा से पहले श्री गुर्जर ने शहीदों की तस्वीरों पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि शहीद देश की आन, बान और शान हैं, और उनकी कुर्बानी हमेशा याद रहेगी। श्री गुर्जर ने लोगों से 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा लहराने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए श्री गुर्जर ने यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान भारतीय तिरंगे के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जब 26,000 भारतीय छात्र युद्धग्रस्त क्षेत्र में फंसे थे, तो तिरंगा सुरक्षा की गारंटी बना। यहां तक कि पाकिस्तान के छात्रों ने भी अपनी जान बचाने के लिए भारतीय तिरंगे का सहारा लिया। श्री गुर्जर ने कहा कि आज तिरंगे का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है।

................................................................................

................................................................................

आज कुरुक्षेत्र में सांसद नवीन जिंदल ने द्रोणाचार्य स्टेडियम से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन बान और शान है जो हम सब भारतवासियों को एक सूत्र में बांधता है।

................................................................................

................................................................................

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नूंह के फिरोजपुर झिरका में खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी के कार्यालय से लेकर लाल कुआं चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के बाद शिक्षा मंत्री ने शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा के नेतृत्व में युवाओं ने ऐतिहासिक नगरी पानीपत में बाइक पर तिरंगा यात्रा निकाली। कालका में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश मंत्री हरीश गुर्जर के नेतृत्व में रेलवे ग्राउंड से काली माता मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई।पंचकूला जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक चौक से शुरू होकर शहीद स्मारक या शिलाफलकम तक तिरंगा यात्राएं निकाली गई ।

................................................................................

अंबाला के गांव तेपला में तिरंगा यात्रा निकाली गई । उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने गांव के शहीदों के परिजनों को सम्मान के तौर पर शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। यात्रा गांव के सामुदायिक केंद्र से शुरू होकर गांव के प्रमुख द्वार पर लगी शहीद गुरप्रीत सिंह की प्रतिमा के नजदीक सम्पन्न हुई।

..................................................................................

..................................................................................

पृथला विधानसभा क्षेत्र से विधायक नयनपाल रावत के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। गांव पृथला के सरपंच सतेंद्र कटारिया की अगुवाई में गाँववासियों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

..................................................................................

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बिशम्बर वाल्मीकि ने भिवानी जिला के गांव तिगड़ाना में सैंकड़ों युवाओं के साथ तिरंगा यात्रा निकाली, जो महाराणा प्रताप की प्रतिमा से शुरू होकर घुसकानी मोड़ पर संपन्न हुई। यात्रा से पहले उन्होंने गांव के अमर शहीदों व महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया। घुसकानी गांव में भी सरपंच सुनीता देवी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

जींद में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अगुवाई सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के कार्यालय से गोहाना मार्ग शहीदी स्मारक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के अंतिम पड़ाव शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए ।

..................................................................................

पेरिस ओलंपिक में खेल पंचाट ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की अयोग्यता के खिलाफ याचिका पर अपना फैसला आगामी मंगलवार तक के लिए टाल दिया है। सोल आर्बिट्रेटर डॉ. एनाबेले बेनेट भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे फैसला सुनायेंगे।

..................................................................................

पेरिस ओलंपिक के समापन आज रात होगा। समापन समारोह रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा।

..................................................................................